प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 84 / 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

हैदराबाद, ~~जून~~ 2 जुलाई 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने ओडीशा लाईसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के तहत गंजम, गजपति और रायगढ़ जिले में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने अप्रैल 2026 के महीने के दौरान सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए **ओडीशा लाईसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र** के तहत **गंजम, गजपति और रायगढ़ जिले में** किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, भादूविप्रा ने कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट (CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट (CSSR), डाटा डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (क्यूओएस) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के निष्पादन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. इन आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के जमीनी मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत परीक्षण हैंडसेट का उपयोग किया जाता है, और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से 23 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 के दौरान **ओडीशा लाईसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के तहत गंजम, गजपति और रायगढ़ जिले** में सिटी ड्राइव- 446 किमी, हॉटस्पॉट लोकेशंस-08, में ड्राइव टेस्ट किए। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/मार्ग में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के निष्पादन का प्रतिनिधित्व करते हैं।

4. **ड्राइव टेस्ट रुप मैप:** मानचित्र पर दर्शाए गए संकेतों के अनुसार, निम्नांकित मानचित्र, ड्राइव टेस्ट मार्गों का अवलोकन प्रदान करता है, जो सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग, हॉटस्पॉट और वॉक टेस्ट को दर्शाता है: -



5. **प्रमुख मूल्यांकित मानदंड:**

क) **कवरेज गैप:** नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) **वॉयस सर्विसेज**: कॉल सैट अप सक्सेज रेट(CSSR), ड्रॉप कॉल रेट(DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS).

ग) **कॉल साईलेंस इंस्टेंस**: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुईं।

घ) **डाटा सर्विसेज**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट

6. **प्रमुख मापदंडों के लिए में समग्र मोबाइल नेटवर्क निष्पादन का सारांश नीचे दिया गया है:** -

क) कवरेज गैप –(i) ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल की शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, **एयरटेल के लिए 5648/37277, बीएसएनएल के लिए 14768/35428, आरजेआईएल के लिए 4976/44323 और वीआईएल के लिए 3910/17533** था। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

(ii) ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल की शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से सीमित सेवा (कोई कवरेज नहीं) वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, **एयरटेल के लिए 6939/37277, बीएसएनएल के लिए 4807/35428, आरजेआईएल के लिए 975/44323 और वीआईएल के लिए 13448/17533** था। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ख) ड्राप्ड काल्स - ड्राप्ड काल्स, जिसे सफलतापूर्वक स्थापित कॉल की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है, **एयरटेल के लिए 10/325, बीएसएनएल के लिए 33/308, आरजेआईएल के लिए 7/406 और वीआईएल के लिए 0/156** थे। ड्राप्ड काल्स स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस- स्थापित कुल कॉल में से > 3 सेकंड के लिए पाए गए साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापी गई कॉल साइलेंस इंस्टेंस **एयरटेल** के लिए 23/340, **बीएसएनएल** 14/385 **आरजेआईएल** के लिए 14/212 और **वीआईएल** के लिए 17/137 थे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:

i) **डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल**(5G/4G)** के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 81.74Mbps, बीएसएनएल **(3G)** के लिए 6.71Mbps, आरजेआईएल **(5G/4G)** के लिए 186.07Mbps और वीआईएल **(5G/4G/2G)** के लिए 17.91Mbps देखी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) **डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल**(5G/4G)** के लिए औसत अपलोड स्पीड 18.09Mbps, बीएसएनएल**(3G)** के लिए 3.54Mbps, आरजेआईएल**(5G/4G)** के लिए 13.46Mbps और वीआईएल**(5G/4G/2G)** के लिए 9.63Mbps देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ड्राप्ड काल्स और कॉल साइलेंस इंस्टासेज के स्थान अनुलग्नक में दिये मानचित्र में लाल बिंदु पर क्लिक करके देखे जा सकते है।

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है: -

शहर :

गंजम जिला - गंजम, छतरपुर, अर्ज्यापल्ली, गोपालपुर, बेरहामपुर, चिकिटी, पात्रपुर, जराड़ा, पुडामारी, डेंगौस्ता और दिगापहांडी आदि।
गजपति जिला - उप्पलाडा, परलाखेमुंडी, कुरीगाम, काशीनगर, बिरिकोटा, मोहना, चंद्रगिरी, जेरंगो, महेंद्रगढ़ और लुहागुडी आदि में।
रायगढ़ जिला - गुनुपुर, कुजेंद्री, गुमुडा, पद्मपुर, आखुसिंगी, केंदुगुडा, महेंद्रगडा, लुहागुडी, पुडामारी, डेंगौस्टा और दिगापहांडी आदि में।

हॉटस्पॉट : 1. गंजम रेलवे स्टेशन 2. गोपालपुर बीच 3.गुनुपुर बस स्टैंड 4.मार्केट स्ट्रीट परलाखेमुंडी 5.मोहना मार्केट 6.पारालाखेमुंडी बस स्टैंड 7.आर उदयगिरी मार्केट 8.रायगढ़ मार्केट

8. ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री बी. प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद) भादूविप्रा से ईमेल adv.hyderabad@trai.gov.in या टेलीफोन नं 91-40-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।

बी. प्रवीण कुमार
(बी. प्रवीण कुमार)
सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का. हैदराबाद

Coverage Gap – The coverage distribution found less than the minimum specified signal strength for the drive test route in auto-selection mode (5G/4G/3G/2G) during voice testing, is as below:

Parameter	AIRTEL	BSNL	RJIL	VIL
Total Number of Samples captured on Drive test route	37277	35424	44323	17533
Number of Samples having poor signal strength	5648	14768	4976	3910

Note: Signal strength has been considered poor if it falls below −110 dBm for 5G & 4G, −90 dBm for 3G, and −85 dBm for 2G.

Coverage Gap observed





Note: Plot is based on Dynamic Drive Test results only.

a) **Dropped Calls -** The TSP-wise details of dropped calls in auto-selection mode (5G/ 4G/ 3G/ 2G) are as below:

Parameter	AIRTEL	BSNL	RJIL	VIL
Number of successful Calls Established	325	308	406	156
Number of dropped Calls	10	33	7	0

Locations of Dropped Calls



Note: Dropped calls locations are shown in red colour and which can be clicked to know the exact location (latitude and longitude) on the map.

b) **Call Silence Instance** - The TSP-wise details of Call silence instance in Auto-selection mode (5G/4G) are as below:

Parameter	AIRTEL	BSNL	RJIL	VIL
Call Established (within service provider network)	340	212	385	137
Number of silences calls for >3 Sec	13	10	12	11
Total number of silence instances for >3 Sec	23	14	14	17

Locations of Call Silence Instance



Note: Call silence instances are shown in red colour and which can be clicked to know the exact location (latitude and longitude) on the map.

c) **Data Download and Upload throughput:** The TSP-wise details of **Average Download (DL)** and **Upload (UL) throughput** against declared typical DL/UL Throughput for month, in Auto-selection mode (5G/4G/3G/2G) are as below:

(i) **Download Throughput**

Parameter	**Measured in**	**AIRTEL (upto 5G)**	**BSNL (upto 4G)**	**RJIL (upto 5G)**	**VIL (upto 4G)**
Typical Download throughput declared by TSP	(Mbits/s)	12.77	6.49	15.00	15.00
Average Download Throughput measured during IDT	(Mbits/s)	81.74	6.71	186.07	17.91







Throughput	Colour Code	No. of Samples	% of Samples
100 Mbps and above		(168)	(48.84%)
50-100 Mbps		(28)	(8.14%)
30-50 Mbps		(19)	(5.52%)
10-30 Mbps		(52)	(15.12%)
0-10 Mbps		(77)	(22.38%)



Throughput	Colour Code	No. of Samples	% of Samples
100 Mbps and above		(0)	(0.00%)
50-100 Mbps		(5)	(5.21%)
30-50 Mbps		(15)	(15.63%)
10-30 Mbps		(38)	(39.58%)
0-10 Mbps		(38)	(39.58%)

Note: Plot is based on Dynamic Drive Test results only.

(ii) **Upload Throughput**

Parameter	Measured in	AIRTEL (upto 5G)	BSNL (upto 4G)	RJIL (upto 5G)	VIL (upto 4G)
Typical upload throughput declared by TSP	(Mbits/s)	2.08	5.04	7.00	8.00
Average Upload Throughput measured during IDT	(Mbits/s)	18.09	3.54	13.46	9.63









Note: Plot is based on Dynamic Drive Test results only.